हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

रायपुर की आनंद वाटिका अब सज चुकी है

Welcome at

ANAND Vatika



HAPPY DUSSEHRA

Valet Parking

Sunday Open

ANAND Jewels

Pandri, Raipur

Scan to Experience it live

खबर संक्षेप

जागृति मानव कल्याण समिति ने जरूरतमंद बच्चों को बांटी शैक्षणिक सामग्री



पामगढ़। छत्तीसगढ़ में संचालित जागृति मानव कल्याण समिति के सदस्यों ने विधानसभा पामगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलारी में जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की। संस्था की ओर से बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुसार स्कूल बैग, कॉपी, पेन सहित अन्य उपयोगी सामग्री प्रदान की गई। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और उनकी पढ़ाई में सहयोग करना है। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने बच्चों के पालकों से अपने सभी बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है और प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अवसर मिलना चाहिए। इस अवसर पर दीपक कुमार अपने साथियों के साथ उपस्थित रहे। संस्था की इस पहल से जरूरतमंद बच्चों को शैक्षणिक सामग्री मिलने के साथ ही उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने का प्रयास किया गया।

तुस्मा में 22 अक्टूबर को होगा 35 फीट ऊंचे रावण का दहन

तुस्मा। असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व ग्राम तुस्मा में इधूमधाम के साथ मनाया जाएगा। 22 अक्टूबर को ग्राम तुस्मा के नर्सरी ग्राउंड में 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस अवसर पर भगवान श्रीराम,लक्ष्मण एवं हनुमान की जीवंत झांकी,आकर्षक आतिशबाजी,भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहेंगे। ग्राम पंचायत द्वारा आयोजन को भव्य बनाने के लिए तैयारियां की जा रही हैं,वहीं बच्चों के मनोरंजन के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। इस वर्ष ग्राम पंचायत द्वारा 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का निर्माण कराया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य कटौद के कारीगर सालिकराम कश्यप द्वारा किया जा रहा है। रावण दहन के साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए मिकी माउस झूला और किड्स जंपिंग झूला भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। दशहरा उत्सव के अवसर पर शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक मया के झरोखा लोक कला मंच का शानदार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

राजेंद्र कुमार सिंह स्कूल में आयोजित हुआ नेवता भोज



अकलतरा। अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला, अकलतरा में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नेवता भोज का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष एवं अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह की पहल पर उनके पिता स्वर्गीय धीरेंद्र कुमार सिंह की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्नेहपूर्वक भोजन कराया गया। इस अवसर पर सौरभ सिंह ने अपने संदेश में कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति के प्रति संवेदनशील रहना और उसकी समस्याओं को समझना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। समाज के हर वर्ग के लोगों से संपर्क स्थापित कर उनकी कठिनाइयों को जानने तथा अपनी सामर्थ्य के अनुरूप उनके निराकरण का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक उत्तरदायित्व का वास्तविक निर्वहन तभी संभव है, जब हम अपने आसपास के लोगों की आवश्यकताओं के प्रति सजग रहें और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर विशेष बल दिया तथा उनसे अपने अध्ययन के लिए अधिकाधिक समय निकालने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन भविष्य की आधारशिला है। इस अवधि में नियमित अध्ययन, अनुशासन, परिश्रम और एकाग्रता को अपनाकर विद्यार्थी अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सकते हैं। कार्यक्रम में अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव ईश्वर खंडेलिया, आय-व्यय निरीक्षक विकास केडिया, कोषाध्यक्ष स्वप्निल जैन, ट्रस्ट के सदस्य अविनाश लाटा एवं निखिल कौशिक तथा विद्यालय के प्राचार्य आर.के. विश्वकर्मा उपस्थित रहे।



पांच दिवसीय जांच परीक्षा शिविर में प्रतिभागियों की स्काउटिंग संबंधी दक्षताओं और व्यावहारिक कौशल का किया गया परीक्षण

स्काउटिंग से युवाओं में देशभक्ति और सेवाभाव का होता है सिंचन : मिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, जिला जांजगीर-चांपा के तत्वावधान में 12 से 16 अक्टूबर तक आयोजित जिला स्तरीय तृतीय सोपान एवं निपुण जांच परीक्षा शिविर का समापन समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष इंजीनियर श्रीमती सत्यलता मिरी ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्काउटिंग बच्चों और युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन, सेवा भावना तथा जीवनोपयोगी कौशल का सिंचन करती है। यह गतिविधि युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाने के साथ समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध भी कराती है। श्रीमती मिरी ने शिविरार्थियों के अनुशासन, उत्साह और उत्कृष्ट सेवा भावना की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पांच दिवसीय जांच परीक्षा शिविर में प्रतिभागियों की स्काउटिंग संबंधी दक्षताओं और व्यावहारिक कौशल का परीक्षण किया गया। इस दौरान स्काउटिंग के नीति-नियम, सिद्धांत, ध्वज, झंडा गीत, प्रार्थना, इतिहास तथा एपीआरओ भाग-दो एवं तीन की जानकारी दी गई। इसके साथ प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सोपान की विभिन्न गांठों, गैजेट्स निर्माण, बिना बर्तनों के भोजन तैयार करने, तंबू लगाने, पुल निर्माण, ध्वजारोहण एवं ध्वजावतरण और हाइकिंग से संबंधित गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में कुल 118 स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स, लीडर्स एवं सर्विस रोवर-रेंजर्स ने भाग लिया। प्रतिभागियों की संख्या के लिहाज से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वा और भारतीय विद्या मंदिर, लगरा के दलों की सर्वाधिक सहभागिता रही। दोनों संस्थानों से 21-21 प्रतिभागी शामिल हुए। इसके अतिरिक्त आर.के. सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अकलतरा से 12, शासकीय हाई स्कूल करमा से 12, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमरताल से सात, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंतौरा से 5, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर से 5, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलई से चार, शासकीय हाई स्कूल रसौटा से चार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी (चांपा) से 3, डी.डी.एस. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा से 3, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोखरा से 2, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहरिया से 2 तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोरा और लायंस अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चांपा से एक-एक प्रतिभागी शामिल हुए। शिविर मे भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुमित प्रताप सिंह, अकलतरा एसडीओपी डॉ. मेखलेन्द्र प्रताप सिंह, ऋषभ विद्योदय कॉलेज के संस्थापक डॉ. जे.के. जैन, एडीएसओ सी.एस. महतो, कॉलेज के डायरेक्टर अंकित जैन, भारतीय विद्या मंदिर के संचालक गणेशराम पटेल तथा शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ की सहायक प्राध्यापक प्रो. डॉ. श्वेता जैन ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के आयोझन मे डॉ. सुरेन्द्र कुमार सोनी, श्वेता जायसवाल, पूरन लाल पटेल, अनिल सिदार, राजेंद्र कश्यप, अनुराग कसेर, परमेश्वर सिंह टेकाम, नेपाल सिंह कंवर, प्रभाव वानी, कु. वृंदा बिंझवार, श्रीमती रेखा गुप्ता, श्रीमती नंदनी यादव, श्रीमती काजल पाटले, अनुज जैन, राहुल राठौर तथा सर्विस रोवर मोहनीश बरेठ, अरमान श्रीवास, भूपेन्द्र कुमार, अरुण बरेठ एवं प्रेमेन्द्र साहू का सक्रिय सहयोग रहा।



प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देती मुख्य अतिथि।

30 फीट ऊंचे रावण के पुतले का होगा दहन

अकलतरा। ग्राम पकरिया (लटिया) में 20 अक्टूबर को भव्य दशहरा उत्सव एवं मड़ई मेले का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी अकलतरा मंडल के उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने बताया कि उत्सव के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ 30 फीट ऊँचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि शाम 5 बजे ग्राम स्थित चंडी दाई मंदिर से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं हनुमान की भव्य झांकी गाजे-बाजे, भजन-कीर्तन एवं जयघोष के साथ निकाली जाएगी। झांकी ग्राम भ्रमण करते हुए खेल मैदान पहुँचेगी, जहाँ विधि-विधानपूर्वक पूजन-अर्चन के पश्चात 30 फीट ऊँचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।दशहरा उत्सव के साथ मड़ई मेले का भी आयोजन होगा, जिसमें ग्रामीणों सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों के शामिल होने की संभावना हैं। आयोजन समिति द्वारा उत्सव को भव्य एवं सफल बनाने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

नवरात्रि पर्व पर नव कन्याओं को कराया गया भोज, विधि-विधान से की गई पूजा-अर्चना



शिवरीनारायण। नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर नगर में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान नव कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया तथा उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया। धार्मिक परंपरा के अनुसार कन्या भोज को नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि नवरात्रि के दौरान छोटी कन्याओं में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का वास माना जाता है। इसी आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने कन्याओं के चरण पूजन कर उन्हें तिलक लगाया और भोजन कराया। इसके पश्चात कन्याओं को दक्षिणा एवं उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया गया। नवरात्रि पर्व पर आयोजित कन्या भोज के माध्यम से श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के प्रति अपनी आस्था प्रकट की तथा परिवार और समाज में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

ब्राह्मण नारी नव चेतना मंच ने कराया कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ब्राह्मण नारी नव चेतना मंच द्वारा जांजगीर शहर की शासकीय कन्या शाला में एक अत्यंत पवित्र कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वहां उपस्थित मंच की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती नीलू पांडे ,आशा दुबे एवं जयंती दुबे, निशा मिश्रा द्वारा सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके पश्चात पावन अवसर पर 70 नन्ही कन्याओं को सादगी और श्रद्धा भाव से चुनरी ओढ़ाकर एवं माथे पर तिलक लगाकर मां दुर्गा के स्वरूप में पूजन किया गया और सभी बच्चों को अत्यंत प्रेम पूर्वक हलवा-पूरी का भोजन कराया गया।

इस नवरात्रि के पावन पर्व परश्रीमती अनीता मिश्रा ने कहा नवरात्रि का यह पावन पर्व हमें याद दिलाता है कि सृष्टि का आधार नारी शक्ति ही है। जब हम इन नन्ही कन्याओं का पूजन करते हैं, तो हम साक्षात आदिशक्ति का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। श्रीमती प्राची पाण्डेय ने अपने विचार रखते हुए कहा कन्या पूजन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति का वह गौरव है जो हमें हर स्त्री में देवी का रूप देखना सिखाता है। आज की बेटियां हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं, हमें उनके हौसलों को और मजबूत करना होगा। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में शाला के प्रधान पाठक जय प्रकाश सिंह, शिक्षिका श्रीमती शालिनी शर्मा ,सुनीता राठौर एवं शिक्षक संपत राठौर का विशेष और आत्मीय सहयोग प्राप्त हुआ। नन्ही देवियों के चेहरे की मुस्कान और उनका आशीर्वाद पाकर पूरा मंच परिवार धन्य हुआ। इस अवसर पर श्रीमती वीणा शर्मा, श्रीमती नीरा शर्मा , श्रीमती नीलू पांडे, श्रीमती सीता पांडे, श्रीमती आशा दुबे श्रीमती जयंती दुबे , श्रीमती निशा मिश्रा,श्रीमती अनीता मिश्रा, श्रीमती प्रियंवदा पाण्डे, श्रीमती प्राची पांडेय, श्रीमती अनुराधा शुक्ला, डॉ श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, श्रीमती शालिनी शर्मा उपास्थि रहे।



कन्याओं को सामग्री प्रदान करती ब्राह्मण नारी नव चेतना मंच की पदाधिकारी।

सिवनी में जगह-जगह विराजी मां दुर्गा













पिपरसत्ती में महिला सेवा समिति ने की मां कालरात्रि की विधिवत पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम पिपरसत्ती में भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला। इस अवसर पर महिला सेवा समिति के तत्वावधान में मां दुर्गा के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान महिलाओं ने माता रानी के समक्ष श्रद्धा के साथ शीश नवाकर ग्राम की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की मंगलकामना की।नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की आराधना का विशेष महत्व माना जाता है। इसी आस्था और विश्वास के साथ ग्राम की महिलाओं ने पूजा-अर्चना में सहभागिता निभाई। पूजा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु महिलाओं ने माता रानी से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने की प्रार्थना की।महिला सेवा समिति द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में ग्राम की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी धार्मिक आस्था का परिचय दिया। इस आयोजन ने न केवल भक्ति की भावना को सुदृढ़ किया, बल्कि महिलाओं के बीच आपसी सहयोग, सामाजिक सद्भाव और एकजुटता का संदेश भी प्रसारित किया।कार्यक्रम में ग्राम की सरपंच शीतला यादव के साथ सुरेखा यादव, सरिता यादव, जानकी यादव, जयंती यादव, श्यामप्यारी यादव, नागेश्वरी यादव, श्यामकुमारी यादव, पूर्णिमा यादव, तिजकुंवर यादव एवं फिरतीन यादव सहित महिला सेवा समिति की सदस्य उपस्थित रहीं।नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित इस पूजा-अर्चना से ग्राम में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। महिला सेवा समिति की इस पहल को ग्राम की सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के साथ-साथ सामाजिक एकता को मजबूत करने की दिशा में सराहनीय प्रयास के रूप में देखा गया।



- ग्राम मे सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति के लिए की प्रार्थना, धार्मिक आयोजन में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

सप्तमी अष्टमी को शिरीष पाठ में उमड़ी भीड़ , सुबह से रात तक श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

पामगढ़। क्षेत्र की प्रमुख देवी मंदिर शिरीष पाठ डोंगाकोहरौद में सप्तमी व अष्टमी को श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ा, जो सुबह से रात तक निरंतर जारी रहा और माता के आशीर्वाद कतार में खड़े होकर लेते रहे। ग्राम डोंगाकोहरौद में दंत कथा पर आधारित खेतों के बीच में शिरीष पाठ मंदिर स्थित है जहां नवरात्र के दोनों पर्व पर धूमधाम से नवरात्र मनाया जाता है। यहां भक्तों द्वारा अपनी-अपनी मनोकामना के लिए दीप प्रज्वलित कराए जाते हैं वहीं जावरा कलश भी जलवाए जाते हैं । इस बार की शारदीय नवरात्रि में 269 भक्तों ने तेल के ज्योति जलवाए थे जबकि 16 भक्तों ने घृत ज्योति प्रज्वलित करवाए थे , वहीं तीन दिवस और सात दिवस के भी ज्योति जलवाए गए थे। दूसरी तरफ शिरीष पाठ मंदिर के नवजागरण शिरीष कल्याण सेवा समिति द्वारा भक्तों के दर्शन प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई थी ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना ना पड़े। ऐसे तो नवरात्र की प्रथम दिवस से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा था किंतु भक्तों की आस्था सप्तमी अष्टमी को अधिक होने के कारण हजारों की तादात में दर्शन आरती मंदिर परिसर पहुंचकर माता श्री पाठ की पूजा अर्चना किए। इन दोनों दोनों की विशेष दर्शन पूजन में स्थानीय ग्रामवासियों के अलावा पामगढ़, धनगांव , मेंकरी, भीलौनी, केसला सहित दूर दराज के गांव से भी दर्शनार्थियों ने पहुंचकर दर्शन लाभ प्राप्त किया वहीं अनेक भक्त माता के दरबार पर लोट मारते व घुटनों पर भी चलते हुए पहुंचे हैं । यहां रविवार को अष्टमी मनाया गया जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन किया गया तत्पश्चात कन्या पूजन समिति द्वारा की गई तथा नव कन्याओं को मां दुर्गा की स्वरूप मानकर उनकी पूजा अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किए गए , तत्पश्चात अठवाही खेलकर उत्साह मनाया गया जिसमें सभी को हल्दी लगाया गया।





नवयुवक दुर्गा समिति राजीव नगर सिरली

'दिल्ली पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन, अग्नि हाउस बना विजेता

खेलों से विकसित होता है अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

दिल्ली पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में वार्षिक खेल महोत्सव हर्षोल्लास, उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जांजगीर-चांपा विधायक व्यास नारायण कश्यप तथा विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन और घुठिया ग्राम के सरपंच आर.के. यादव उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्य कल्पना सिंह सहित अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया।

खेल महोत्सव का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मशाल प्रज्वलन, खेल ध्वज फहराने और राजकीय गीत के साथ हुआ। इस दौरान विद्यालय के चारों सदन पृथ्वी, अग्नि, वायु और आकाश के विद्यार्थियों ने अनुशासित मार्च-पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। विशिष्ट अतिथि पुरुषोत्तम देवांगन ने विद्यार्थियों को खेल भावना, निष्पक्षता, आपसी सहयोग और खेल नियमों के पालन की शपथ दिलाई।महोत्सव में विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 100, 200, 400 और 800 मीटर दौड़, 4×100 मीटर रिले रेस, सेक रेस, जंप रेस, हर्डल रेस, बैलून रेस, डिस्कस थ्रो, शॉटपुट, जैवलिन थ्रो, लंबी कूद और बाधा दौड़ सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए भी विशेष खेल गतिविधियां रखी गईं, जिनमें उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने अपनी गति, संतुलन, सहनशक्ति और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के परिणामों में अग्नि हाउस ने प्रथम स्थान हासिल किया। पृथ्वी हाउस द्वितीय और आकाश हाउस तृतीय स्थान पर रहा। विभिन्न आयु वर्गों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का भी चयन किया गया। सब-जूनियर वर्ग में बालक शिवांश सिंह (वायु हाउस) और बालिका रिद्धिमा सिंह (वायु हाउस), जूनियर वर्ग में बालक मेघ वर्मा (अग्नि हाउस) और बालिका वेदिका चंद्रा (आकाश हाउस), मिडिल वर्ग में बालक मानस सोनंत और बालिका माण्डवी सोनंत (दोनों अग्नि हाउस) को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। वहीं सीनियर वर्ग में बालक गर्वित शर्मा (अग्नि हाउस) और बालिका पूर्वा डाहिरे (वायु हाउस) सर्वश्रेष्ठ एथलीट चुने गए। विजेता हाउस को ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक व्यास नारायण कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सहयोग और टीम भावना विकसित करने का सशक्त साधन हैं। खेल विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने तथा सफलता और असफलता को सहजता से स्वीकार करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासनिक प्रमुख एच.डी. मानिकपुरी, क्रीड़ा विभाग प्रमुख दीपक यादव, अमर सिंह पाल, संध्या शर्मा का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक निशांत कुमार ने किया। स्वागत भाषण पल्लवी चंद्रा एवं आभार प्रदर्शन सोनल यादव ने किया।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण।

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-सक्ती (छ.ग.)
विवाह प्रकरण क्रमांक 268 / दिनांक 18.09.2026
ग्राम- ठुठी, तहसील-भोथिया
आवेदक किशन बंजारे उम्र 28 वर्ष पिता श्री कलाराम बंजारे जाति सतनामी, निवासी ग्राम छिर्राडीह, थाना जैजैपुर तहसील हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. अतित मनहर उम्र 26 वर्ष पिता श्री सुखीराम मनहर जाति सतनामी, निवासी ग्राम ठुठी, थाना जैजैपुर तहसील भोथिया जिला सक्ती (छ.ग.)
विरूद्ध
छत्तीसगढ़ शासन
ईश्तहार
आम जनता ग्राम ठुठी थाना जैजैपुर तहसील भोथिया जिला-सक्ती (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक किशन बंजारे उम्र 28 वर्ष पिता श्री कलाराम बंजारे जाति सतनामी, निवासी ग्राम छिर्राडीह, थाना जैजैपुर तहसील हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. अतित मनहर उम्र 26 वर्ष पिता श्री सुखीराम मनहर जाति सतनामी, निवासी ग्राम ठुठी, थाना जैजैपुर तहसील भोथिया जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आपयित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 30.10.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक . . 2026 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
विवाह अधिकारी
जिला-सक्ती (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल चांपा जिला जांजगीर चांपा
सूचना पत्र
क्रमांक क्यू
दिनांक 23/10/2026
प्रति,
1. राजेश चंदानी, 2. अटल गुरूनानी, 3.रवि भवानी, 4. कुलवंत सिंह जब्बल, 5. अय्युब खान, 6. अहसान खान, 7. हनीफ मेमन, 8. वकार मेमन, 9. दुर्गा प्रसाद पटेल, 10. तिलेश कुमार केंवट, 11. धर्मेन्द्र सोनी, 12. नवीन कुमार पिता स्व. परसराम, 13. रमीज अंसारी, 14. कुश सोनी/जयदेव सोनी, 15. अन्य सीमावर्ती भू स्वामी/कब्जाधारी
विषय - गठित दल द्वारा सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।
संदर्भ - कार्या. तहसीलदार चांपा का ज्ञापन क्र. 934 दिनांक 30.07.2026
उपरोक्त विषयांतर्गत के संबंध में सूचित किया जाता है कि कार्यालय, तहसीलदार चांपा द्वारा गठित दल दिनांक 30-07-2026 के पालनार्थ आवेदिक श्रीमती फोटो बाई पटेल पिता स्व. महेत्तर पटेल जाति पटेल निवासी चांपा द्वारा ग्राम चांपा प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. चांपा तहसील चांपा की भूमि खसरा नंबर 512/2 रकबा 0.241 हेक्ट./एकड़ का सीमांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किए जाने से संदर्भित आदेशानुसार आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 23-10-2026 को समय प्रातः दोपहर 11:00 बजे से प्रारंभ किया जाएगा ।
अतः आप सभी सीमांकन दिनाक 23.10.2026 को प्रातः दोपहर 11:00 बजे स्थल पर आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें ।
टीपः-अति अवकाश शासकीय कार्य होने पर सीमांकन स्थगित मानी जावेगी जिसकी सूचना हल्का पटवारी माध्यम से आपको दी जाएगी।
राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. चांपा
तहसील-चांपा

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 20 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

स्काउटिंग से युवाओं में देशभक्ति और सेवाभाव का होता है सिंचन : मिरी

2



खबर संक्षेप

शिवरीनारायण मठ मंदिर में गद्दी महोत्सव आज

शिवरीनारायण। विजयादशमी दशहरा पर मंगलवार 20 अक्टूबर को शिवरीनारायण मठ मंदिर में गद्दी महोत्सव परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा। तय कार्यक्रम के मुताबिक शिवरीनारायण मठ के मठाधीश महामण्डलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज 20 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से 11:30 बजे तक पुरानी बस्ती जैतू साव मठ में शस्त्र एवं हवन पूजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 12 बजे से 2:30 बजे तक श्री दूधाधारी मठ में शस्त्र, हवन, अश्व एवं वाहन पूजन के कार्यक्रम में शामिल होंगे, तत्पश्चात वे यहां से रवाना होकर शाम 5 बजे श्री शिवरीनारायण मठ पहुंचेंगे। यहां भव्य शोभा यात्रा के साथ अस्त्र, शमी तथा जनकपुर में विराजित श्री हनुमान की विशेष पूजा अर्चना के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। शाम 6:30 बजे गद्दी महोत्सव प्रारंभ होगा, इसमें हवन पूजन, देव दर्शन के पश्चात नगर एवं बाहर से आए हुए श्रद्धालुओं से भेंट - मुलाकात करेंगे।



मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के तहत 30 तक आवेदन

सक्ती। छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षण सत्र 2026-27 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एआईआईएमएस, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, नीट एवं आईआईआईटी में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने के लिए तत्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित है। योजनांतर्गत पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित प्रपत्र में 30 अक्टूबर तक संबंधित कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, सक्ती में पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर भर्ती के लिए आवेदन 29 तक

जांजगीर-चांपा। एकीकृत बाल विकास परियोजना पामगढ़ अंतर्गत आगनबाड़ी केन्द्र पामगढ़ 1 वार्ड कमांक 5 गोकुल नगर में कार्यकर्ता के पद पर भर्ती के लिए 29 अक्टूबर तक समय 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक वेबसाइट पर आंनलाईन आवेदन आंमत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना पामगढ़ ने बताया के निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन आनलाईन अपलोड नही किया जा सकेगें। आवेदन के संबंध में विस्तृत जानकारी देखने भी लिंक पर देखा जा सकता है तथा एकीकृत बाल विकास परियोजना पामगढ़ की सूचना पटल, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी पामगढ़ एंव संबंधित वार्ड के सूचना पटल से प्राप्त किया जा सकता है।

विजयादशमी पर दक्षिण मुखी मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ आज

जांजगीर-चांपा। हिन्दु धर्म का प्रमुख त्यौहार जो अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतिक है। विजयादशमी के महापर्व भगवान श्री राम के दशानन रावण पर विजय, मां दुर्गा ने महिषासुर का संहार किया हमे याद दिलाती है कि धर्म की सदा जीत होती हे, प्रकाश अंधकार को हरा देता है और आस्था में निहित साहस कभी विफल नही जाता उस विजय को हर घर तक पहुंचाता है। विजया दशमी पर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर में प्रातकाल ध्वजारोहण, 4 बजे से हनुमान को खीर चना प्रसाद अर्पण कर वितरण किया जाएगा। 6:30 बजे हनुमान का सेन्दुराभिषेक 7 बजे हनुमान जी की महा आरती की जाएगी।

नैला दुर्गा पंडाल में आस्था का जनसैलाब, अंतिम तीन दिनों में और बढ़ रही भीड़

हर पल 20 श्रद्धालु कर रहे माता की छवि का दर्शन, 24 घंटे में गर्भगृह तक पहुंचने वाले ही 60 हजार के करीब, बाहर की भीड़ डेढ़ लाख से भी अधिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा





नवरात्रि पर्व पर नैला में श्री श्री दुर्गोत्सव सेवा समिति द्वारा स्थापित दुर्गा प्रतिमा के दर्शन को लेकर जांजगीर नैला शहर पांव-पांव करके ही जुड़ गया है तो दूसरी ओर वाहनों के काफिले और पार्किंग ने शहर से लगे गांवों को भी जोड़ दिया है। इधर सप्तमी से लेकर माता के दर्शन के लिए जिस तरह से श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंच रही है। उसका आंकलन किया जाए तो तकरीबन एक मिनट में 40 से 50 श्रद्धालु गर्भगृह पहुंचकर माता की अलौलिक छवि का दर्शन कर रहे है। यानि हर पल 20 श्रद्धालु माता का दर्शन पा रहे है। इसके अलावा पंडाल के बाहर की भीड़ का आंकलन किया जाए तो प्रति मिनट 150 से 200 लोग पहुंच रहे है। इसके हिसाब से यह संख्या 2 लाख के करीब जा पहुंचती है।

नवरात्रि पर्व को लेकर जांजगीर नैला शहर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। स्टेशन रोड पर अग्रसेन भवन के सामने श्री श्री दुर्गोत्सव सेवा समिति द्वारा स्थापित मां दुर्गा की अलौलिक छवि का दर्शन पाने हर रोज श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती जा रही है। सप्तमी के दिन से जो भीड़ बढने शुरू हुई है, वह नवमीं तिथि तक जारी है। आयोजन समिति की माने तो यहां गर्भगृह में दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या एक मिनट में 40 से 50 होती है। इस हिसाब से देखा जाए तो 1 घंटे में तकरीबन ढाई से 3 हजार लोग पंडाल के भीतर मां दुर्गा का दर्शन करने पहुंच रहे है। यानि 24 घंटे में यहां दर्शन करने वालों का आंकड़ा 60 हजार से भी अधिक हो जाता है। इसी तरह पंडाल के बाहर अमेरिका के न्यू जर्सी अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर बने पंडाल और उस पर चलने वाले धार्मिक लेजर शो को देखने के लिए पहुंचने वालों की संख्या प्रति मिनट तकरीबन डेढ़ से 200 होती है यानि इसके 24 घंटे का आंकलन किया जाए तो औसतन डेढ़ से 2 लाख के करीब श्रद्धालुओं की भीड़ यहां जुटने लगी है। इधर इस तरह की भीड़ के चलते जांजगीर, नैला शहर तो श्रद्धालुओं की भीड़ में ही पांव-पांव करके जुड़ गया है। इधर शहर में इस तरह की भीड़ पहुंचने से यातायात व्यवस्था भी पूरी तरह से चरमरा गई है। ऐसी स्थिति में वाहनों की कतारें शहर के बाहर चारों तरफ के गांवों में लगने लगी है। स्थिति यह है कि शहर से लगे ग्राम पेण्ड्री, बनारी, कन्हाईबंद, सरखों, कुलीपोटा, दर्राभांठा होते चांपा तक की सड़कें वाहनों की कतारें से ही भरी पडी होती है। कुल मिलाकर नवरात्रि पर्व को लेकर शहर में इन दिनों आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा है।

ट्रैफिक कंट्रोल नहीं कर सके तो लेजर शो पर समय की बंदिश

जिला ही नहीं प्रदेश और देश स्तर पर अपनी पहचान बना चुके नैला दुर्गोत्सव में इस बार माता की दिव्य प्रतिमा के साथ ही लेजर शो विशेष है। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ पूरे दिन ही नहीं बल्कि पूरी रात तक जुटी रहती है। खास करके लेजर शो को देखने पंडाल के बाहर लोगों की भीड़ लाख से अधिक पहुंच जाती है। ऐसे में आम दिनों में शहर की यातायात व्यवस्था संभालने में नाकाम यातायात पुलिस का सिस्टम शुरूआती दिन से ही फेल हो चुका है। वह तो शुक्र है शहर की सहयोगी जनता के साथ समाजसेवियों ने पार्किंग व्यवस्था संभालने का बीड़ा उठा लिया। इसके बाद भी सप्तमी व अष्टमी की रात भीड़ नियंत्रित नहीं हुई तो पुलिस ने लेजर शो पर समय की पाबंदी लगा दी। अष्टमी की आधी रात के बाद लेजर शो बंद हो गया, जिसके बाद भीड कम होने लगी। बताया जाता है कि इसे रात 11 बजे तक बंद करने दवाब होता है।

दोनों स्तर की व्यवस्था

लेजर लाइट को लोगों की भीड़ देखकर भी समय-समय पर बंद करना पड़ता है। इस तरह की व्यवस्था शासन एवं जिला स्तर पर से बनाई गई है। इसे लेकर शासन के द्वारा गाइडलाइन भी जारी किया गया है।

-यू लैडन यार्क,
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जांजगीर चांपा

आवेदन पर नहीं बनी बात तो हुआ आंदोलन

खेतों तक नहीं पहुंच रही नहर की धार सड़क पर उतरे किसान, चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा



थाना चौक के सामने चक्काजाम करते किसान।

नहर की धार खेतों तक नहीं पहुंचने से क्षुब्ध किसानों ने पहले आवेदन देकर पानी छोडे जाने की मांग की, साथ ही पहल नहीं होने पर चक्काजाम की चेतावनी दी थी। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग के साथ प्रशासन का अमला कुंभकर्णीय निंद्रा में रहा। ऐसी स्थिति में आक्रोशित किसान सड़क पर उतर आए और चक्काजाम कर दिया। जिसके उपरांत अधिकारी मौके पर पहुंचे और लिखित आश्वासन देकर आंदोलन समाप्त कराया। अब किसानों की निगाहें नहर की ओर टिकी हुई है।

गौरतलब है कि डभरा सहित क्षेत्र भर के किसान नहर में पानी नहीं आने की समस्या से जूझ रहे है। बारिश थमने के बाद नहर से भी पानी नहीं मिलने से अधिकांश गांवों की फसलें सूखने के कगार पर है। अधिकतर जगहों पर पानी की कमी के चलते खेतों तक दरारें पडने लगी है। बीते तकरीबन सप्ताह भर से इस तरह की समस्या से जूझ रहे क्षेत्र के किसानों ने 15 अक्टूबर को अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपकर नहर में पानी छोडे जाने की मांग की थी। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था कि 18 अक्टूबर तक पानी नहीं आने पर सोमवार 19 अक्टूबर को थाना चौक डभरा में चक्काजाम किया जाएगा। बावजूद इसके जिम्मेदार जल संसाधन विभाग के साथ प्रशासन का अमला नींद से नहीं जागा। इस तरह की स्थिति को देखते हुए नाराज डभरा एवं आसपास के सैकड़ों किसान सोमवार 19 अक्टूबर की सुबह 9 बजे थाना चौक डभरा में चक्काजाम करने के लिए एकत्रित होने लगे। बडी संख्या में एकजुट हुए किसानों ने चक्काजाम शुरू कर दिया। चक्काजाम की सूचना मिलते ही पुलिस के साथ प्रशासनिक अमला हरकत में आया। मौके पर पहुंची पुलिस के साथ प्रशासन के अधिकारियों ने चर्चा की। इस दौरान उपस्थित किसानों ने नाराजगी जाहिर करते हुए अफसरों को जमकर खरी खोटी सुनाई। किसानों का कहना था कि पिछले कई दिनों से लिखित एवं मौखिक तौर पर पानी की मांग की जा रही है। 15 अक्टूबर को ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें पानी नहीं मिलने की स्थिति में 19 तारीख को चक्काजाम की चेतावनी भी दी गई थी। बावजूद इसके उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया। इधर स्थिति यह है कि पानी की कमी के चलते खेतों में दरारें पडने लगी है। फसल मुरझा रहे है। समय पर पानी नहीं मिला तो पूरी मेहनत चौपट हो जाएगी। इस दौरान प्रशासन के साथ जल संसाधन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। स्थिति को देखते हुए किसानों की मांग पर अफसरों ने 19 अक्टूबर की शाम तक ही नहर में पानी पहुंचने का आश्वासन दिया। जिसके उपरांत चक्काजाम खत्म हुआ। इस दौरान दो घंटे से अधिक समय पर आवागमन अवरूद्ध रहा। इधर लिखित आश्वासन के बाद किसान शाम के समय नहर की ओर टकटकी लगाए पानी आने का इंतजार करते रहे। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक नहर में पानी की धार नहीं पहुंची थी। किसान इंतजार करते रहे।

जगह-जगह पर दशानन के पुतले का होगा दहन, विजयादशमी उत्सव आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी मंगलवार 20 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। दशहरा उत्सव को लेकर जिला मुख्यालय जांजगीर और चांपा समेत जिले के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है।

जिला मुख्यालय जांजगीर के हाईस्कूल मैदान में दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यहां

- जांजगीर में 35 तो चांपा में 50 फीट का पुतला

रावण के 35 फीट के पुतले का दहन किया जाएगा। पुतले का निर्माण लगभग अंतिम चरण में है। हाई स्कूल मैदान मे शाम 6 बजे से संस्कृतिक कार्यक्रम शुरू होगा। राजनांदगाव की भजन मंडली द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। परम्परा के अनुसार पुरानी बस्ती से भगवान राम की झांकी निकलेगी। नगर भ्रमण कर झांकी हाई स्कूल मैदान पहुंचेगी और इसके बाद रावण पुतले का दहन किया जाएगा। इसी प्रकार चांपा में भी दशहरा उत्सव पर विशेष आयोजन किया जाएगा। भालेराय मैदान के दशहरा उत्सव मे 50 फीट के रावण के साथ ही कुम्भकर्ण और मेघनाद का पुतला दहन किया जाएगा। इसके अलावा जिले के अन्य शहरों और कस्बाई इलाकों में रावण दहन और दशहरा उत्सव का आयोजन होगा। इसको लेकर तैयारी लगभग अंतिम चरण में है।

दशहरा उत्सव व डांस प्रतियोगिता आज

मालखरौदा। मालखरौदा के खेल मैदान में 20 अक्टूबर को विराट दशहरा उत्सव एवं डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। रावण दहन रात्रि के 8 बजे होगा। इसके के बाद 9 बजे से डांस प्रतियोगिता होगी। जिसमें एकल युगल और ग्रुप में डांस प्रतियोगिता में विजय प्रतियोगियों को 1 लाख से अधिक का पुरस्कार वितरित किया जाएगा।

अकलतरा के जय हिंद नगर में होगा दशहरा उत्सव

अकलतरा। शहर के वार्ड क्रमांक 2 स्थित जय हिंद नगर में विजय दशमी उत्सव मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां जोरो पर हैं। इस वर्ष यहां 35 फीट ऊंचे रावण का पुतला तैयार किया जा रहा है, जिसे देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की उम्मीद है। आयोजकों के अनुसार, दशहरा के दिन रावण दहन से पूर्व एक भव्य झांकी निकाली जाएगी। इस झांकी में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ भक्त हनुमान भी शामिल होंगे। इसके अलावा पारंपरिक रूप से रावण की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी, जो शहर में धार्मिक और उत्साह का माहौल बनाएगी।

टेंपल सिटी में 61 फीट के दशानन का होगा दहन



शिवरीनारायण। टेंपल सिटी शिवरीनारायण में महानदी किनारे मेला ग्राउंड में इस वर्ष 61 फीट ऊंचे रावण का पुतला दहन किया जाएगा। बॉम्बे मार्केट की मारवाड़ी धर्मशाला से भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान एवं वानर सेना की झांकी निकाली जाएगी। गाजे-बाजे के साथ निकलने वाली यह झांकी नगर भ्रमण करते हुए मेला ग्राउंड पहुंचेगी। भगवान श्रीराम की झांकी के आगमन के बाद विधिवत रावण दहन किया जाएगा। रावण का पुतला तैयार करने वाले कटौद निवासी कारीगर आत्माराम साहू ने बताया कि उन्होंने हीरालाल कश्यप, नरेश कश्यप, शिवशंकर कश्यप, प्रेम कश्यप और भुरू भैना के साथ मिलकर लगभग 20 दिनों की मेहनत से 61 फीट ऊंचा पुतला तैयार किया है।

त्रुटिरहित व सटिकता के साथ कार्य करने किया निर्देशित

कलेक्टर ने चंद्रपुर क्षेत्र पहुंचकर पीवी ऐप सर्वे कार्यो का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



डिजीटल कांप सर्वे का निरीक्षण करते कलेक्टर जयश्री जैन।

चंद्रपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरहागुड़ा में कलेक्टर द्वारा पीवी ऐप के माध्यम से किए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने चंद्रपुर पहुँचने पर सर्वप्रथम माँ चंद्रहासिनी के दर्शन कर नवरात्र पर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालुओ के लिए मन्दिर परिसर की व्यवस्थाओ का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन ने ग्राम बरहागुड़ा के खेतों में चल रहे सर्वे कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने सर्वे कार्य में लगे सर्वेयर सहित संबंधित राजस्व अधिकारियों, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पूरी सावधानी एवं सटीकता के साथ त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सर्वे कार्य के दौरान किसी भी किसान का रकबा अथवा खसरा छूटने नहीं पाए। उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान सभी आवश्यक जानकारियों का सही-सही संकलन सुनिश्चित किया जाए, ताकि डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पूर्ण हो सके। कलेक्टर ने क्षेत्र के किसानों से सर्वे कार्य में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि पीवी ऐप सर्वे एवं एग्रीस्टैक पंजीयन से वंचित शेष किसान अपना पंजीयन अवश्य कराएं, ताकि कोई भी पात्र किसान इस प्रक्रिया से छूटने न पाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम डभरा विनय कश्यप, तहसीलदार संजय मिंज, नायब तहसीलदार आशीष पटेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे। कलेक्टर के निर्देशन में अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार सहित राजस्व एवं विभागीय अधिकारी पीवी ऐप से संबंधित कार्यों का कर रहे निरीक्षण कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन के निर्देशन में जिले में पीवी ऐप से संबंधित कार्यों की प्रगति एवं क्रियान्वयन की सतत निगरानी की जा रही है। इसके तहत अपर कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार सहित राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मैदानी स्तर पर पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा कार्यों की स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण किया जा सके।

पचरी धाम से प्राचीन कलश सहित सामग्री चोरी, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

सतनाम मंदिर पचरी धाम से प्राचीन कलश सहित अन्य सामग्री चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना से नाराज ग्रामीणों ने थाना प्रभारी अकलतरा को आवेदन सौंपकर जांच, चोरी गई सामग्री की बरामदगी और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार मंदिर में वर्ष 1945 से पूजा-अर्चना की परंपरा चली आ रही है। 17 अक्टूबर को करीब पांच किलोग्राम वजनी प्राचीन काशा धातु का कलश चोरी होने की जानकारी सामने आई। आवेदन में सिंटेक्स टंकी, एलईडी बल्ब, रेलिंग, लाउडस्पीकर यूनिट और बिजली तार सहित अन्य सामग्री के नुकसान का भी उल्लेख किया गया है।ग्रामीणों ने चोरी गई सामग्री की कुल कीमत करीब 46,800 रुपये बताई है। उन्होंने मंदिर परिसर में पूर्व में हुई कथित तोड़फोड़ एवं नुकसान की घटनाओं की जांच कराने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग भी की है। इस दौरान ग्रामीणों का कहना है कि सतनाम मंदिर पचरी धाम क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। ऐसे धार्मिक स्थल से प्राचीन कलश सहित सामग्री चोरी होना चिंताजनक है। फिलहाल ग्रामीण पुलिस की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं। मामले की वास्तविक स्थिति जांच के बाद स्पष्ट होगी।

खबर संक्षेप

पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने देवी मंदिरों एवं माता के दरबार में जाकर टेका मत्था



जांजगीर-चांपा। छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल ने नवरात्रि के पावन पर्व पर अंचल व क्षेत्र के देवी मंदिरों में जाकर मत्था टेका एवं माता के दरबार में जाकर पूजा-अर्चना किया तथा क्षेत्र, अंचल व प्रदेश के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चंदेल ने मदनपुरगढ़ की मनका दाई, हरदी की महामाया माई, जांजगीर की देवी दाई व दुर्गा पंडाल, घाठाद्वारी की देवी मंदिर, चाम्पा की समलाई दाई व दुर्गा पंडाल सहित जांजगीर-नैला, चाम्पा नगर व अंचल एवं क्षेत्र के देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में जाकर पूजा-अर्चना किया तथा माता के दरबार में जाकर मत्था टेका। श्री चंदेल के साथ उनकी धर्मपत्नि व परिवारजन के साथ उस क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, भाजपा के पदाधिकारिगण व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस दौरान श्री चंदेल ने आम जनता से भी भेट किया, मंदिर के पूजारियों एवं बैगाओं से भी उसने आशीर्वाद लिया तथा माता के दरबार में बैठकर भोजन, प्रसाद ग्रहण किया।

रकबा सत्यापन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर

सक्ती। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीदी के दौरान परेशानी से बचने के लिए जिले के किसानों को अपनी पंजीकृत सूची और रकबे का सत्यापन कराने की अपील की गई है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर, जिला सक्ती के नोडल अधिकारी ने बताया कि सभी पंजीकृत किसान अपनी संबंधित सहकारी समिति में जाकर किसान सूची का अवलोकन कर लें। अपनी पंजीकृत भूमि और धान के रकबे का मिलान अवश्य करें।यदि सूची में नाम, भूमि विवरण या धान के रकबे में किसी प्रकार की त्रुटि या अंतर पाया जाता है तो संबंधित समिति में संपर्क कर 31 अक्टूबर 2026 से पहले सुधार करा लें।उन्होंने कहा कि समय-सीमा के भीतर सत्यापन और सुधार करा लेने से धान खरीदी के दौरान होने वाली परेशानियों से बचा जा सकेगा और खरीदी प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सकेगी। किसानों से अपील की गई है कि अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए जल्द से जल्द अपनी समिति में जाकर रिकॉर्ड की जांच कर लें।

संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ 22 से

चांपा। बिरथरे परिवार द्वारा नगर में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन 22 अक्टूबर से किया जाएगा। आठ दिवसीय इस आयोजन में सुप्रसिद्ध कथा वाचिका सविता गोस्वामी अपनी अमृतमयी वाणी से श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगी। नगर में शांति, समृद्धि, आध्यात्मिक चेतना और सर्वजन कल्याण की भावना से आयोजित यह धार्मिक अनुष्ठान 22 से 29 अक्टूबर तक चलेगा। कथा का आयोजन महात्मा गांधी भवन के पास, चौपाटी के सामने स्थित द मॉडर्न विलेज प्रांगण, चांपा में किया जाएगा। प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक कथा प्रवचन होगा। आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ गुरुवार 22 अक्टूबर को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल द मॉडर्न विलेज पहुंचेगी। इसके पश्चात वेदी पूजन, श्रीमद्भागवत महात्म्य का वर्णन एवं विधिवत पूजन-अर्चन किया जाएगा। कथा के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, धर्म, सदाचार और जीवन मूल्यों का संदेश दिया जाएगा। बुधवार, 28 अक्टूबर को सुदामा चरित्र सहित अन्य प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा तथा कथा को विश्राम दिया जाएगा। गुरुवार, 29 अक्टूबर को तुलसी वर्षा, हवन, सहस्त्रधारा एवं ब्राह्मण भोज के साथ धार्मिक आयोजन का विधिवत समापन होगा। इस धार्मिक आयोजन के आयोजक नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शरद बिरथरे एवं डॉ. विश्वनाथ बिरथरे ने समस्त धर्मानुरागी श्रद्धालुओं से सपरिवार कथा श्रवण करने की अपील की गई है।

बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर थिरकते रहे युवा

नौ दिनों की आराधना के बाद शुरू हुआ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आदिशक्ति मां भवानी की आराधना, भक्ति और उल्लास से सराबोर शारदीय नवरात्रि पर्व शहर सहित पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया। नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा-अर्चना और आराधना में लीन रहे श्रद्धालुओं ने नम आंखों और जयकारों के बीच माता रानी को विदाई दी। दुर्गा पंडालों में स्थापित प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू होते ही शहर की सड़कों पर श्रद्धा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर थिरकते युवा, माता के जयकारे लगाते श्रद्धालु और विसर्जन यात्रा में शामिल महिलाओं एवं बच्चों की भीड़ ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। जांजगीर के भीमा तालाब, बोंगा तालाब सहित विभिन्न नदी-तालाबों में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नवरात्रि के अंतिम दिनों में दुर्गा पंडालों में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। महाअष्टमी पर हवन-पूजन के साथ मां दुर्गा की आराधना की गई, वहीं नवमी तिथि पर कन्या भोज आयोजित कर कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा की गई। इसके बाद विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रतिमा विसर्जन की तैयारियां शुरू कीं। सोमवार 19 अक्टूबर से विसर्जन यात्राओं का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। कई समितियों ने अपनी सुविधानुसार मंगलवार एवं बुधवार को भी प्रतिमाओं का विसर्जन करेगा। प्रतिमा विसर्जन के दौरान शहर और आसपास के क्षेत्रों में उत्सवी माहौल बना रहा। आकर्षक ढंग से सजाई गई विसर्जन यात्राओं में दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर युवाओं ने नृत्य किया। जगह-जगह मां दुर्गा के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव के साथ माता रानी को विदाई देने पहुंचे। विसर्जन कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों की भी अच्छी भागीदारी रही।



दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने जाते श्रद्धालु।

चांपा की महारानी के दर्शन करने उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

प्रदेश में पहली बार टेराकोटा थीम पर आधारित सिवनी चौक कोरबा रोड का दुर्गा पंडाल पारम्परिक लोककला और दिव्य प्रतिमा के चलते क्षेत्र के साथ साथ अन्य शहरों की भी जनता के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र बन गया हैं। इसके

- व्य पंडाल व आकर्षक प्रतिमा बनी आकर्षण का केन्द्र

चलते अब तक लाखों श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचकर चाम्पा की महारानी के दर्शन किये हैं। इस पंडाल के कारण शहर में शारदीय नवरात्रि की रौनक अपने चरम पर हैं।

कांसा, कोसा और कंचन की नगरी चाम्पा में सिवनी चौक कोरबा रोड में विराजमान तथा चाम्पा की महारानी के नाम से पूजी जाने वाली मां दुर्गा के दर्शन के लिए शारदीय नवरात्रि के दौरान भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा हैं। भव्य प्रतिमा, आकर्षक साज सज्जा और अनूठी कलात्माकता से सजे पंडाल ने सबका मन मोह लिया हैं यहीं कारण हैं कि अब तक लाखों श्रद्धालुओं ने यहां माता रानी के दर्शन कर लिए हैं। यह आंकड़ा और बढ़ सकता हैं। इस दुर्गोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण छत्तीसगढ़ में पहली बार टेराकोटा हस्तशिल्प थीम पर आधारित पंडाल हैं। पारम्परिक शिल्पकला और लोक संस्कृति को केन्द्र में रखकर तैयार किये गए इस पंडाल की अनूठी परिकल्पना लोगों को अपनी ओर ज़बरदस्त तरीके से आकर्षित कर रही हैं। पंडाल का निर्माण पश्चिम बंगाल के माकोड़ा क्षेत्र की हस्तशिल्प कला से प्रेरित हैं प्राकृतिक संसाधनों और पारम्परिक शिल्प सामग्री के कलात्मक उपयोग से पंडाल को ऐसा स्वरूप प्रदान किया गया हैं जिससे भारतीय लोककला, ग्रामीण हुनर और सांस्कृतिक विरासत की खूबसूरत झलक दिखाई पडती हैं। पंडाल की सजावट में बांस के अतिरिक्त प्राकृतिक संसाधनों से तैयार टोकरियों और चूड़ियों सहित विभिन्न हस्तशिल्प सामग्रीयों को शामिल किया गया हैं जिनके संयोजन से यह पंडाल शहर की पहचान को क्षेत्र में बढाने में सहायक हो रहा हैं। यह पंडाल केवल धार्मिक आयोजन का स्थान ही नहीं वरन लोककला और पारम्परिक शिल्प को करीब से देखने का अवसर भी प्रदान कर रहा हैं। यही कारण हैं कि लोग मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा के साथ ही पंडाल की कलात्मक सजावट को निहारने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। भटगांव के सुप्रसिद्ध मूर्तिकार द्वारा निर्मित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा लोगों को आध्यात्मिक अनुभूति करा रही हैं। यहां मां दुर्गा के साथ ही भगवान गणेश, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती और भैरव बाबा की आकर्षक प्रतिमाओं की स्थापना की गयी हैं। सभी प्रतिमाओं की साज सज्जा एवं भव्यता यहां आने वाले श्रद्धालुओं को विशिष्ट अनुभूति का परिचय करा रही हैं। इसके चलते जहां समूचा परिसर माता के जयकारों से गुंजायमान हैं, वहीं श्रद्धालुओं के लिए यह आयोजन भक्ति, संस्कृति और परंपरा का ऐसा अनूठा संगम बन गया हैं जिसकी निराली छटा नगर के शारदीय नवरात्रि की भव्यता को द्विगुणित कर खास बना रही हैं।



सिवनी चौक पर निर्मित विशाल पंडाल व श्रद्धालु जन

महाकाली आश्रम में पूरी रात मंत्रोच्चार के साथ चलीं आहुतियां, धूमधाम से सम्पन्न हुई नवरात्रि की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर महाकाली आश्रम में मां आदिशक्ति की आराधना श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुई। इस अवसर पर स्वामी सुरेन्द्र नाथ के सान्निध्य में पूरी रात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन का आयोजन किया गया। मंत्रों की गूंज और आहुतियों के साथ पूरा आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। एक सौ आठ नींबुओं की माला माता को अर्पित किया गया और नींबू काटकर माता को सांकेतिक बलि दी गई। नवरात्रि के दौरान हजारों भक्तों की भीड़ में मां आदिशक्ति की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। हवन के दौरान श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ अग्नि में आहुतियां अर्पित कर विश्व कल्याण, सुख-शांति, समृद्धि और जनमानस के मंगल की कामना की। इसप्रकार नवमी के पूजन के पश्चात कन्या भोज कर माता की विदाई हुई। मां जगदम्बा के जयकारों से आश्रम परिसर गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन नजर आए। स्वामी सुरेन्द्र नाथ के सान्निध्य में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण से जुड़ने का अवसर प्रदान किया। पूरी रात चले हवन एवं मंत्रोच्चार के दौरान श्रद्धा और साधना का विशेष माहौल बना रहा। भक्तों ने मां आदिशक्ति के चरणों में शीश नवाकर परिवार, समाज और समस्त मानव कल्याण के लिए आशीर्वाद की कामना की। महाकाली आश्रम में नवरात्रि पूजा का समापन धार्मिक उत्साह और भक्तिमय वातावरण में हुआ। यह आयोजन मां आदिशक्ति के प्रति अटूट आस्था, भक्ति और समर्पण का प्रतीक बना। श्रद्धालुओं ने मां से जीवन में सुख, शांति, शक्ति और सकारात्मकता बनाए रखने की प्रार्थना की।



संतुलित जीवनशैली अपनाकर गंभीर बीमारियों के जोखिम को किया जा सकता है कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

जेएसडब्ल्यू महानदी पावर कंपनी लिमिटेड, नरियरा में कर्मचारियों एवं श्रमिकों के स्वास्थ्य संरक्षण और

- जेएसडब्ल्यू महानदी पावर कंपनी में हृदय रोग जांच शिविर आयोजित, 100 लोगों की हुई नि:शुल्क जांच

रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हृदय रोग जांच शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 100 लोगों की निःशुल्क रक्तचाप एवं ईसीजी जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में रायपुर स्थित एम.एम.आई. नारायणा अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. स्नेहिल गोस्वामी एवं उनकी टीम ने प्रतिभागियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान हृदय रोग, उच्च रक्तचाप तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान करने और उचित उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कारखाना प्रबंधक अश्वनी मित्तल ने किया। इस अवसर पर डॉ. बसंत पहारे ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में श्री मित्तल ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, समय पर उपचार और संतुलित जीवनशैली अपनाकर अनेक गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता है। उन्होंने कर्मचारियों एवं श्रमिकों से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में डॉ. स्नेहिल गोस्वामी ने हृदय रोग, मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप से बचाव और उनके प्रभावी प्रबंधन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तनाव प्रबंधन तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच को स्वस्थ जीवन का महत्वपूर्ण आधार बताया। साथ ही उपस्थित लोगों की जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान करते हुए स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर मानव संसाधन विभाग के अधिकारी अभिषेक शर्मा, सिविल विभाग प्रमुख जितेंद्र त्रिपाठी, सुरक्षा प्रमुख विवेक कुमार, प्रगति आचार्य, श्रमिक प्रतिनिधियों तथा कामगार यूनियन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम का आयोजन संयंत्र के सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया। इसका संचालन कारखाना स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बलविंदर सिंह ने किया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. बसंत पहारे, डॉ. किशन निर्मलकर एवं डॉ. प्रमोद चंद्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा।समापन अवसर पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सकों एवं संबंधित प्रतिनिधियों को स्मृति चिह्न भेंटकर उनके सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया गया।



शिविर में उपस्थित अतिथि, चिकित्सक एवं कर्मचारीगण।

सभापति ने मैराथन दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखा किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम पंचायत महंत में चैंपियंस स्पोर्ट अकादमी द्वारा जिला स्तरीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन 18 अक्टूबर रविवार को किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और दौड़ जैसी खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू ने मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उपस्थित खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चैंपियंस स्पोर्ट अकादमी ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, खेल प्रेमियों, युवाओं और आम नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता में हार जीत तो लगी रहती है, खिलाड़ियों के बीच में हर जीत एक सिक्का के दो पहलू होते हैं, जीतने वाले खिलाड़ी को कभी अहंकार नहीं करना चाहिए और हारने वाले खिलाड़ियों को कभी मायूस नहीं होना चाहिए। श्री साहू प्रतियोगिता के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और खेल के प्रति युवाओं की रुचि बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।देवी भागवत में शामिल हुए सभापति नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम ठकुरदिया में श्रीमद् देवी भागवत यज्ञ एवं दुर्गा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कथाव्यास भागवत भूषण एवं वृंदावन धामवासी शुकदेव के श्रीमुख से देवी भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। आयोजन को लेकर ग्राम में भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रीमद् देवी भागवत में जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू शामिल होकर देवी भागवत का आनंद लिए। आयोजन के यजमान अशोक साहू एवं श्रीमती नीरा साहू थे।



पोड़ी में शरद संगीत समारोह 25 को

नवागढ़ । सत्य निज नाम बोध संस्थान पोड़ी आध्यात्मिक केंद्र में गुरु घासीदास संगीत महाविद्यालय हसौद और संस्कार भारती जिला सक्ती के संयुक्त तत्वाधान में शरद संगीत समारोह का आयोजन 25 अक्टूबर रविवार को दोपहर 2 बजे से रखा गया है। दोपहर में स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी। इसके बाद रात्रि 8 बजे से आगंतुक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी।



मां अम्बे के विभिन्न स्वरूपों का किया जा रहा जीवंत प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

शारदीय नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर शहर में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक छटा चारों ओर बिखरी हुई है। इसी कड़ी में

- ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा सजी अद्भुत झांकियां, दर्शन करने उमड़ रही भीड़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से सक्ती में एक बेहद मनमोहक और अलौकिक झांकी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

झांकी के माध्यम से ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा जगत जननी मां अम्बे के विभिन्न स्वरूपों का जीवंत और सजीव प्रदर्शन किया गया है, जो श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रूपःप्रदर्शनी में ब्रह्माकुमारी बहनों ने मां दुर्गा, महाकाली, मां सरस्वती और भगवती के विभिन्न स्वरूपों को धारण कर झांकी में अद्भुत रूप से स्थान लिया है। इन सजीव झांकियों के दर्शन मात्र से भक्तों को अलौकिक शांति और ऊर्जा की अनुभूति हो रही है। झांकियों की सजावट, प्रकाश व्यवस्था (लाइटिंग) और पृष्ठभूमि में गूंज रहे देवी गीत व मंत्रोच्चार वातावरण को पूरी तरह से भक्तिमय बना रहे हैं। ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर तुलसी बहन ने बताया कि इन झांकियों का मुख्य उद्देश्य केवल बाहरी रूप से देवी दर्शन कराना नहीं है, बल्कि हर नारी के भीतर छिपी हुई शक्ति, ज्ञान (सरस्वती), दिव्यता (भगवती), और बुराइयों का नाश करने वाली शक्ति (काली व दुर्गा) को जागृत करना है। संस्थान की बहनों द्वारा आगंतुकों को आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग के माध्यम से आंतरिक सशक्तिकरण का संदेश भी दिया जा रहा है। नवरात्र के इन पावन दिनों में झांकी स्थल पर प्रतिदिन सुबह से लेकर देर रात तक दर्शनार्थियों का तांता लगा हुआ है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में इन सजीव झांकियों को देखने और उनके साथ तस्वीरें लेने का भारी उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय नागरिकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने ब्रह्माकुमारी संस्थान के इस सुंदर और रचनात्मक प्रयास की भरपूर सराहना की है।



जीवंत झांकी को देखने पहुंचे श्रद्धालु।



